**भा.कृ.अ.प.–केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान**
**मखदूम, फरह–281122, मथुरा (उ0प्र0)**

मि.सं. 5–27(17)/सी.पी.एण्ड सी/2015 दिनांकः 04.11.2015

# निविदा सूचना

**निदेशक,** केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान, मखदूम, फरह–281 122 (मथुरा) द्वारा संस्थान की प्रयोगशालाओं, मानव चिकित्सालय, समस्त आवासीय परिसर, सड़कें एवं सीवर लाइन की सफाई इत्यादि कार्यों हेतु दिनॉक 25.11.2015 को 2.30 बजे तक पंजीकृत फर्मों/ठेकेदारों से निविदाएँ आमॅत्रित की जाती हैं तथा प्राप्त निविदाएँ समिति के समक्ष उसी दिन 3.00 बजे सॉय खोली जायेंगी।

निविदा सूचना, कार्य विवरण, नियम व शर्तें संस्थान की बेवसाइट www.cirg.res.in पर देखी जा सकती है एवं डाउन लोड कर सकते हैं।

**सहायक प्रशासनिक अधिकारी**

## कार्यों का विवरणः–

| क्रम संख्या | सफाई का स्थान | कार्य का समय | कार्य का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | नई लेबोरेटरी बिल्डिंग (सी–ब्लॉक) | सुवह 08.00 बजे से शाम 04.00 बजे तक | झाड़ू लगाना, पोंछा करना, कूड़े का उचित स्थान पर निस्तारण करना, परिसर के आस–पास की जंगली घास की सफाई, सीवर लाइन से सम्बन्धित कार्य इत्यादि। |
| 2. | प्रयोगशाला परिसर (दो मंजिला) | सुवह 08.00 बजे से शाम 04.00 बजे तक | |
| 3. | जी.पी.टी./डिस्पेन्सरी | सुवह 08.00 बजे से शाम 04.00 बजे तक | |
| 4. | आवासीय परिसर एवं रोड, टाईप–I, II, III एवं IV | सुवह 08.00 बजे से शाम 04.00 बजे तक | |
| 5. | टाईप–V, मेनगेट व सम्बन्धित सड़क इत्यादि | सुवह 08.00 बजे से शाम 04.00 बजे तक | |
| 6. | गैस्ट हाउस, किसान हॉस्टल, स्टूडेन्ट हॉस्टल इत्यादि | सुवह 08.00 बजे से शाम 04.00 बजे तक | |

क्रमशः..........................2

**नियम एवं शर्तेः–**

1. *निविदाएँ केवल वर्तमान में पंजीकृत फर्मों/ठेकेदारों की ही मान्य होंगी। फर्म/ठेकेदार का पंजीकरण श्रमिक कानून कमिश्नर, कानपुर या किसी भी उत्तर प्रदेश, श्रमिक कानून कमिश्नर राज्य/केन्द्र से मान्यता प्राप्त होना चाहिए तभी उक्त कार्यों का ठेका दिया जाना सम्भव हो सकता है।*
2. ठेके की अवधि एक वर्ष के लिए होगी।
3. *उक्त कार्यों हेतु सम्बन्धित सामान संस्थान द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा।*
4. *उपरोक्त कार्यों के ठेके के लिये* ***रूपये 10,000/–*** (रूपये दस हजार मात्र) *धरोहर राशि के रूप में निविदा के साथ जमा कराने होगे। धरोहर राशि संस्थान के रोकड़िया के पास नगद जमा करा सकते है अथवा डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में जमा कर सकते हैं। सफल निविदा दाता को छोड़कर बाकी सभी की धरोहर राशि वापिस कर दी जायेगी।*
5. *सफल निविदा दाता/फर्म/ठेकेदार को कार्य की कुल लागत की* ***10 प्रतिशत जमानत राशि*** *के रूप में जमा करनी होगी तथा सफल निविदा दाता द्वारा जमा की गयी धरोहर राशि को समायोजित किया जा सकता है।*
6. *कार्य के दौरान किसी भी दुर्घटना के लिये संस्थान की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। फर्म/ठेकेदार पूर्ण रूप से जिम्मेदार होगा।*
7. *कार्य का ठेका सबसे कम दर देने वाले व्यक्ति को दिया जायेगा।*
8. *कार्य संस्थान के प्रभारी बागवानी की देख रेख में एवं उनके निर्देशानुसार करना होगा।*
9. *कार्य के दौरान संस्थान के किसी प्रकार के नुकसान के लिए फर्म/ठेकेदार स्वयं जिम्मेदार होगा।*
10. *मासिक कार्य समाप्ति के उपरान्त भुगतान हेतु बीजक अग्रिम प्राप्ति रसीत सहित तीन प्रतियों में प्रभारी बागवानी द्वारा सत्यापित एवं केन्द्रीय भण्डार के अभिलेख में प्रविष्टी कराकर प्रेषित करना होगा।*
11. *फर्म/ठेकेदार के बिल से नियमानुसार आयकर की कटौती की जायेगी।*
12. *फर्म/ठेकेदार द्वारा लगाये गये कर्मचारियों का ई.पी.एफ. एवं ई.एस.आई. कन्ट्रीब्यूशन का प्रूफ एवं रजिस्ट्रेशन संख्या आदि के दस्तावेज द्वितीय बिल के साथ भुगतान के समय प्रति माह प्रेषित करना होगा।*
13. *फर्म/ठेकेदार को न्यूनतम मजदूरी नियमों के अनुपालन में भुगतान करना होगा।*
14. *कार्य का भुगतान कार्य पूर्ण एवं संतोषजनक होने पर ही किया जायेगा तथा आंशिक कार्य का कोई भुगतान नहीं किया जायेगा।*
15. *फर्म/ठेकेदार को आयकर कटौती के लिए पेनकार्ड की छाया प्रति प्रेषित करनी होगी।*
16. *प्रदेश एवं देश में लागू श्रमिक कानूनों का पालन करना होगा किसी भी प्रकार के श्रमिक कानून का उलंघन होने पर ठेकेदार स्वयं उत्तरदायी होगा।*
17. *किसी भी वाद–विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मथुरा होगा।*
18. *प्रशासनिक एवं सुरक्षा सम्बन्धी नियमों व शर्तों का अनुपालन करना होगा। संस्थान के अन्दर कोई अस्त्र–शस्त्र या अराजक तत्व नहीं लाने होंगे।*
19. *फर्म/ठेकेदार को बीजक का भुगतान करने के लिए बैंक का खाता संख्या एवं आई0एफ0एस0 कोड नम्बर देना होगा।*
20. *निदेशक, केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान, मखदूम* (फरह) को कार्य की अवधि घटाने अथवा बढ़ाने या किसी भी दर को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का पूरा अधिकार सुरक्षित है, जिसे चुनौती नहीं दी जा सकती।

**सहायक प्रशासनिक अधिकारी**

भा.कृ.अ.प.–केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान
मखदूम,पो0 फरह–281122(मथुरा) उ0प्र0

मि.सं. 5–27(17)/सी.पी.एण्ड सी./2015 दिनॉकः 04.11.2015

**सेवा में**

**मैं0 यूनिकॉम एडवरटाइजिंग,**
**289–290ए, डिविली नगर,**
**कृष्णा नगर चौक के पास,**
**मथुरा – 281 004 (उ.प्र.)।**

विषयः– संस्थान में विभिन्न स्थानों की सफाई कार्य की सूचना के सन्दर्भ में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भ में इस संस्थान में विभिन्न स्थानों की सफाई कार्य **की सूचना** इस आशय के साथ भेजी जा रही है कि इसे अपने तुरन्त प्रकाशित होने वाले **अमर उजाला एवं दैनिक जागरण हिन्दी दैनिक समाचार–पत्रों में** **निर्धारित तिथि से पूर्व प्रकाशित करें** । प्रकाशन हेतु सरकारी कार्यालयों पर लागू होने वाली दरें व आवश्यक कम से कम स्थान का प्रयोग करे।

उक्त बावत अग्रिम प्राप्ति रसीद सहित बीजक तीन प्रतियों में, प्रकाशित अंक की प्रति के साथ भुगतान हेतु इस कार्यालय में पंजीकृत डाक द्वारा भेजें ।

भवदीय

संलग्नः उपरोक्तानुसार ।

**सहायक प्रशासनिक अधिकारी**

प्रतिलिपि :–
1. वित्त एंव लेखाधिकारी, के0ब0अनु0सं0, मखदूम।
2. आहरण एंव संवितरण अधिकारी, के0ब0अनु0सं0, मखदूम।
3. प्रभारी, केन्द्रीय भंडार, के0ब0अनु0सं0, मखदूम।
4. प्रभारी, ए0के0एम0यू0 को इस आशय के साथ कि उक्त सूचना को संस्थान की वेबसाइट पर डालने की कृपा करें।
5. प्रभारी, बागवानी अनुभाग, के0ब0अ0सं0, को सूचनार्थ।
6. सुरक्षा मिसिल।